लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: पंजाब केसरी
दिनांक: 16.1.2020 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 1-6

# ग्रामीण युवाओं तक पहुंचे कृषि की नई तकनीक का लाभ : दलाल



दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुए कृषि मंत्री। (नारंग)



मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय का उद्घाटन करते हुए कृषि मंत्री जे.पी. दलाल व कुलपति, प्रो. के.पी. सिंह। (नारंग)

## हकृवि में 2 दिवसीय नैशनल इंक्यूबेटर्स कोलोक्यिम का शुभारंभ

हिसार, 15 जनवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय स्तर का 2 दिवसीय नैशनल इन्क्यूबेटर्स कोलोक्वियम आयोजित किया गया।

सैमीनार के मुख्यातिथि कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल थे। वशिष्ठातिथि नैशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टैक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप ... उपस्थित थे। कृषि मंत्री ने कहा कि यहां चल रहे इंक्यूबेशन सैंटर में स्टार्ट-अप ने जो सफलताएं प्राप्त की हैं उनके अनुभवों का लाभ दूसरों को भी मिलना चाहिए।

उन्होंने नव-उद्यमियों से आान किया कि वे अपने नए विचारों से कृषि आधारित उद्योगों को नई ऊंचाइयां प्रदान करें।

## मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय का उद्घाटन

हकृवि में प्रदेश के प्रथम मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय का उद्घाटन कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल ने किया। इस मौके पर कृषि मंत्री ने कहा कि हरियाणा से दिल्ली का मार्कीट जुड़ा होने के कारण प्रदेश के किसानों को मत्स्य पालन से अच्छी आमदनी हो सकती हैं। प्रदेश में बहोत बड़ा इलाका ऐसा है जहां खारा पानी है। इस प्रकार का पानी मछली पालन के लिए अच्छा स्त्रोत है। कुलपति प्रो. के.पी. सिंह ने बताया कि इस वर्ष मत्स्य महाविद्यालय में परास्नातक व पीएच.डी. के दाखिले किए गए है। अगले सत्र से बी.एफ.एस.सी. (स्नातक) मे भी दाखिले किए जाएंगे।

## किसानों को बीज, पानी व ट्रेनिंग के साथ मंडी भी उपलब्ध करवाऊंगा : दलाल

सिवानी मंडी(पोपली) : हलका लोहारू के विधायक एवं कृषि एवं पशुपालन मंत्री जे.पी. दलाल ने कहा कि वे किसानों को बढ़िया क्वालिटी के बीज, सिंचाई के पानी और ट्रेनिंग के साथ-साथ अनाज को बेचने के लिए मंडी भी उपलब्ध करवाएंगे। उन्होंने साफ किया कि हलका लोहारू में विकास कार्यों को लेकर किसी प्रकार का भेदभाव स्वीकार नहीं होगा और अधिकारी सरकार की प्रत्येक योजना को आम गरीब, मजदूर वर्ग तक पहुंचाने के लिए गड़बड़ी करते हैं तो निश्चित रूप से कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। कृषि मंत्री ने बुधवार को हलके के गांव बुधसैली, घंघाला, ढाणी भाकरा, बिधवान, गुढ़ा व कालोद गांव का दौरा किया। उन्होंने कहा कि लोहारू क्षेत्र में 100 एकड़ भूमि में बागवानी का उत्कृष्ट केन्द्र खोला जाएगा। गांव बुद्धशैली पहुंचे कृषि मंत्री जे.पी. दलाल के दौरे के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी बुद्धशैली नहीं पहुंचे। इस दौरान जब उनसे संबंधित कार्य को लेकर जब आवाज लगी और मौके पर न तो शिक्षा विभाग की ओर से खंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित न ही उनके कोई प्रतिनिधी। जिसको लेकर कृषि मंत्री दलाल ने अपने साथ उपस्थित अधिकारियों को संबंधित अधिकारी को नोटिस जारी कर कार्रवाई करने के आदेश दे डाले। मामले को बिगड़ता देख जब अन्य अधिकारियों से बी.ई.ओ.को सूचना तो वे अगले ही गांव में जनसभा में पहुंच गए। कृषि मंत्री ने जब इस संबंध में बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस संबंध में बाकायदा अधिकारियों को पहले ही सूचना दी गई थी। भविष्य में अगर आमजन की समस्याओं को लेकर कोई गड़बड़ी करता है तो निश्चित रूप से कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## गोल्डन जुबली फ्लावर कार्निवल का उद्घाटन

कृषि मंत्री ने कृषि पर्यटन केन्द्र का भी उद्घाटन किया। साथ ही 2 दिवसीय गोल्डन जुबली फ्लावर कार्निवल-2020 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. के.पी. सिंह व विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कृषि मंत्री दलाल ने हाईड्रोपोनिक्स विधि द्वारा सब्जी उत्पादन की जानकारी भी ली। किसानों की आय को बढ़ाने हेतु मखाना की खेती के मॉडल का भी अवलोकन किया। उन्होंने फ्लावर कार्निवल-2020 मे लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक जागरण....
दिनांक 16.1.2020.... पृष्ठ सं. 16.... कॉलम 2-7....

# कृषि मंत्री ने शुगर फ्री गन्ने के जूस का लिया आनंद

## कृषि पर्यटन केंद्र व फ्लावर कार्निवल-2020 का किया उद्घाटन

जागरण संवाददाता, हिसारः चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि व किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य एवं कानून मंत्री जय प्रकाश दलाल ने कृषि पर्यटन केन्द्र का उद्घाटन किया व दो दिवसीय गोल्डन जुबली फ्लावर कार्निवल-2020 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह व विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कुलपति ने मुख्य अतिथि को कृषि पर्यटन केन्द्र की स्थापना एवं उद्देश्य के बारे बताया व केन्द्र में स्थापित विटामिन गार्डन, औषधीय गार्डन, एक्वेटिक प्लांट गार्डन आदि की जानकारी दी। कृषि मंत्री ने कहा कि यह केन्द्र स्कूली छात्रों के लिए बहुत ही लाभकारी होगा। छात्रों द्वारा उत्पादित कट-फ्लावर की खेती के बारे में जानकारी ली व किसानों की आय को दोगुना करने के लिए फूलों की खेती पर बल दिया। किसानों की आय को बढ़ाने के लिए मखाना की खेती के मॉडल का भी अवलोकन किया।

कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शामिल हुए सोनीपत के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट (निफ्टम)के कुलपति डॉ. सी. वासुदेवप्पा ने भी स्टार्ट-अप्स को सफलता प्राप्त करने के नए मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि कृषि को व्यवसाय व मार्केटिंग से जोड़कर किसानों की आय दोगुनी करना बहुत आसान है। आज कृषि में लेबर की भागीदारी कम करने और तकनीक की भागीदारी को बढ़ाने की जरूरत है।



चौधरी चरण सिह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय मे प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल शुगर फ्री गन्ने का जूस पीते हुए। • जागरण

## अंत्रप्रन्योर्स ने लगाई प्रदर्शनी, न्यूट्रिशियन से भरे प्रोडक्टों को दिखाया

जासं, हिसारः चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय स्तरीय स्टार्टअप सेमिनार में एचएयू के एग्री बिजनेस इन्क्यूबिशन सेंटर से जुड़कर स्टार्ट-अप शुरू करने वाले अंत्रप्रन्योर्स ने भी भाग लिया। इन लोगों ने प्रदर्शनी में अपने आर्गेनिक व लोगों के लिए न्यूट्रिशियन से भरे प्रोडक्टों को दिखाया। इस प्रदर्शनी में कृषि मंत्री जेपी दलाल ने भाग लिया। खास बात है कि कृषि मंत्री ने एक-एक स्टॉल पर जाकर अंत्रप्रन्योर्स के प्रोडक्ट देखे। इसमें सबसे खास अंबाला की कंपनी फार्मर्स शॉप के प्रतिनिधियों ने कृषि मंत्री को शुगर फ्री गन्ने के जूस को पिलाया। जिसे यह कंपनी अब पूरे हरियाणा में विस्तार कर रही है। इसके साथ ही गुड़ से बने प्रोडक्ट, फिशरीज प्लांट आदि की जानकारी ली।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर डा. आरके जोरड़, नॉडल अधिकारी डा. सीमा, डा. नीरू भूषण, नीति आयोग के सलाहकार डा. राज भण्डारी, पीवीसी शालिनी गुप्ता, बलजीत रेढू, तेजस्वी भार्गव, विवि रजिस्ट्रार, ओएसडी, सभी डीन, डायरेक्टर, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, छात्र व अन्य उपस्थित रहे।

## प्रकृति प्रेम को बनाया आय का साधन

संवाद सहयोगी, हिसारः एचएयू (हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय) में बुधवार को फ्लावर शो का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों व विभिन्न स्थानों से आए लोगों ने विभिन्न फूलों, पौधों व अपने रिसर्च के दौरान किए गए कार्यों की प्रदर्शनी लगाई। इस दौरान अंचला बंसल ने ड्राइड प्लांट्स की प्रदर्शनी लगाई। जिसमें उन्होंने सूखे हुए पत्तों, घीया, केले के फूल, तोरी, दीमक खाई हुई लकड़ी आदि वेस्ट चीजों को इक्ट्ठा कर ड्राइड प्लांट्स की प्रदर्शनी लगाई। उनका कहना है कि वे पिछले तीन साल से प्रकृति से जुड़ी हुई हैं। वे कहती है कि जब वे एक बार ऐसे ही टहल रही थीं तो उन्होंने नीचे गिरे हुए पेड़ों के पत्तों को देखा तो वे सोचने लगीं कि क्यों न वे इन्हें इक्ट्ठा कर घर के डेकोरेशन के लिए प्लांट्स बनाए। जिसके लिए वे एक साल पहले इन्हें इक्ट्ठा कर स्टॉक करती हैं फिर एक साल तक किसी पुस्तक में व थोड़ा धूप लगाकर इन्हें सुखाती हैं। फिर उन पत्तों की कटिंग कर उन्हें शेप देती हैं। फिर जैसे-जैसे ये प्लांटस बनाने में उनकी हाथ की सफाई होती गई तो इन्होंने इस काम को बिजनेस के तौर पर शुरू कर दिया। अब वे सेक्टर 15 में इन पौधों को बेचती हैं, जिनकी कीमत 4000 रुपये प्रति है। उन्होंने पिछले साल जीजेयू में प्रदर्शनी लगा आठ इनाम जीतें व टाउन पार्क में छह।

वहीं श्याम नारायण ने मेरीगोल्ड, केल, गुलदावदी, पाम, कैक्टस आदि की प्रदर्शनी लगाई। वे पिछले 20 साल से प्रकृति से जुड़े हुए हैं। वे कहते है कि मेरीगोल्ड का पौधा देखने में जितना आकर्षित होता है उतनी ही आकर्षक उसकी सजावट होती है। इसके पौधे को लोग घर में लगाना भी पसंद करते हैं। इसके फूल का रस कान के दर्द में काम आता हैं। इसकी आयु 5 से 6 महीने तक रहती है। वे इन फूलों के बीज दिल्ली से लाते हैं। ये पिछले साल टाउन पार्क में प्रदर्शनी लगा 15 इनाम जीत चुके हैं।



चौधरी चरण सिह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के एग्रीटूरिज्म सेन्टर मे फूलों को निहारती साक्षी, पूजा, साक्षी व नेहा । • जागरण

### इन पौधों की भी लगी प्रदर्शनी

| पौधे | आयु |
| --- | --- |
| पिलखन | 30 साल |
| फाईक्स | 12 साल |
| सेफ्लेस | 10 साल |
| जूनीपर | 10 साल |
| चिलखन | 10 साल |
| बौना फाइक्स | 20 साल |

### विस्कुट, केक भी किए प्रदर्शित

इनके अलावा डा. सुमन ने अपनी रिसर्च के दौरान बाजरा, ज्वार, जई, तुलसी को मिलाकर बनाए गए विस्कुट, लड्डू, केक, पास्ता की प्रदर्शनी लगाई। जिसमे उन्होंने पाया कि इन सबके मिश्रण से बनी हुई चीजे सेहत के लिए अच्छी हैं। इनमें अधिक मात्रा मे प्रोटीन, फाइबर, कैलशियम, आयरन की मात्रा पाई जाती है, जिसके कारण इम्यून सिस्टम मजबूत होता है।

Scanned with CamScanner

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........ हरि. भूमि ........
दिनांक 16. 1. 2020 ........ पृष्ठ सं. 14 ........ कॉलम 2-6 ........

## हकृवि में फिशरिज कॉलेज का कृषि मंत्री जेपी दलाल ने किया उद्घाटन

# हरियाणा दिल्ली की मार्केट के पास मछलीपालन से बढ़ेगी कमाई




हिसार। मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय का उद्घाटन करते हुए कृषि मंत्री जेपी दलाल व कुलपति, प्रो. केपी सिंह।

### कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कृषि पर्यटन केंद्र व गोल्डन जुबली फ्लावर कार्निवल का किया उद्घाटन

हिसार। हकृवि में कृषि एवं पशुपालन मंत्री जय प्रकाश दलाल ने कृषि पर्यटन केंद्र का उद्घाटन किया व दो दिवसीय गोल्डन जुबली फ्लावर कार्निवल- 2020 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रो. केपी सिंह व विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कुलपति ने मुख्य अतिथि को कृषि पर्यटन केन्द्र की स्थापना एवं उद्देश्य के बारे बताया व केंद्र मे स्थापित विटामिन गार्डन, औषधीय गार्डन, एक्वेटिक प्लांट गार्डन आदि की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने केंद्र की गतिविधियों की सराहना करते हुए आशा व्यक्त कि यह केंद्र स्कूली छात्रों के लिए बहुत ही लाभकारी होगा। छात्रों द्वारा उत्पादित कट-फ्लावर की खेती के बारे मे जानकारी ली व किसानों की आय को दोगुना करने के लिए फूलों की खेती पर बल दिया। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने हाईड्रोपोनिक्स विधि द्वारा सब्जी उत्पादन की जानकारी भी ली। किसानों की आय को बढ़ाने हेतू मखाना की खेती के मॉडल का भी अवलोकन किया। उन्होनें फ्लावर कार्निवल-2020 में लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। केंद्र के इंचार्ज डॉ. अरविंद मलिक ने बताया कि विभिन्न प्रकार के फूलों के पौद्यों की जानकारी दी।

- कहा, प्रदेश में बड़ा इलाका खारे पानी का, मत्स्य पालन रहेगा कारगर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार**

हकृवि में नवनिर्मित प्रदेश के प्रथम मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय का उद्घाटन कृषि व किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य एवं कानून मंत्री जय प्रकाश दलाल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हरियाणा से दिल्ली का मार्केट जुड़ा होने के कारण प्रदेश के किसानों को मत्स्य पालन से अच्छी आमदनी हो सकती हैं। प्रदेश में बहुत बड़ा इलाका ऐसा है जहां खारा पानी है। इस प्रकार का पानी मछली पालन के लिए अच्छा स्रोत है। हरियाणा मे अब तक किसान पारंपरिक तौर गेहूं, चावल की खेती करते रहे हैं। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि इस वर्ष मत्स्य महाविद्यालय में परास्नातक व पीएचडी के दाखिले किए गए हैं। अगले सत्र से बीएफएससी मे भी दाखिले किए जाएंगे। मत्स्य विभाग के निदेशक प्रेम सिंह मलिक ने बताया कि मत्स्य महाविद्यालय खुलने से भारत सरकार व प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग में अभी तक बीएससी मेडिकल से जुड़े छात्र जाते थे। हकृवि के कॉलेज खुलने से मत्स्य विभाग में फिशरी के एक्सपर्ट छात्रों को ही वरीयता दी जाएगी।

#### सात विभाग होंगे

डॉ. धर्मबीर मलिक ने बताया कि मत्स्य महाविद्यालयं में सात अलग-अलग विभाग एक्वाकल्चर, मत्स्य संसाधन प्रबंधन, मछली प्रसंस्करण प्रोद्योगिकी, जलीय पर्यावरण प्रबंधन, मछली इंजीनियरिंग, जलीय पशु स्वास्थ्य प्रबंधन व मत्स्य विस्तार, अर्थशास्त्र और सांख्यिकी में हरियाणा प्रदेश के छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा होगी।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम...दैनिक जागरण...

दिनांक...16.1.2020... पृष्ठ सं....16... कॉलम...2-8...

# नए विचार, समय प्रबंधन और नए सेंटर को बढ़ावा देने से कृषि से ही निकलेंगे बड़े स्टार्टअप

जागरण संवाददाता, हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में बुधवार को दो दिवसीय नेशनल इ...टर्स सेमिनार आयोजित हुआ। इसमें कृषि मंत्री जेपी दलाल बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नीति आयोग के एडवाइजर और कृषि मंत्रालय से अधिकारी और स्टार्टअप हरियाणा से प्रतिनिधियों ने मंत्रणा की। कार्यक्रम का एक ही उद्देश्य था कि स्टार्टअप को किस प्रकार विकसित, प्रसारित किया जाए। इसमें एक्सपर्ट ने बताया कि नए विचार, समय का प्रबंधन और नए सेंटर को बढ़ावा देने से देश में कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप में इजाफा होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सोनीपत के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट (निफ्टम) के कुलपति डा. चिंदी वासुदेवप्पा व अध्यक्षता कुलपति प्रो. केपी सिंह ने की। इस दौरान कृषि मंत्री ने एग्री टूरिज्म सेंटर का भी शुभारंभ किया। इसमें नीति आयोग के एडवाइजर डा. राज भंडारी ने मिलेट्स प्रोडक्ट्स में एचएयू की तारीफ करते हुए बताया कि मोटे अनाज से बने प्रोडक्ट देश में कुपोषण की समस्या का समाधान दे सकते हैं।



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में प्रदर्शनी का अवलोकन करते कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल व साथ में खड़े कुलपति प्रो. केपी सिंह। • जागरण

## चार एक्सपर्ट से समझिए, कृषि को स्टार्टअप से जोड़ने का उद्देश्य

**• ग्रामीणों को स्टार्टअप से जोड़ कृषि के क्षेत्र को दोगुना करना**

कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम करने के पीछे सरकार का उद्देश्य है कि हम ग्रामीणों को स्टार्टअप से जोडकर कृषि में किसानो की आय दोगुनी करे। स्टार्ट अप के माध्यम से किसानो के दरवाजे पर ही बाजार उपलब्ध कराएगे। दुनिया मे कई जगह छोटे बाजार है, जहा प्रोडक्ट बनाने वाले से लेकर सही प्रमोटर्स तक आते है, कुछ इसी प्रकार से हम हरियाणा मे भी करना चाहते है। हम किसानों के लिए कर्ज माफी वाली नौबत नहीं आने देना चाहते हैं और यह कोई समाधान भी नहीं है।

**• छह महीने से लेकर एक साल मे ही स्टार्टअप होगे खड़े**

एचएयू के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बताया कि देश मे यह इस प्रकार का पहला आयोजन है। लोग देखा देखी का व्यापार करते है। इसी सोच को बदलने के लिए एबिक सेटर की स्थापना की गई है। एबिक सेटर मे हमारे पास जो स्टार्ट-अप विचार लेकर लोग आ रहे है, उनको हम छह महीने से लेकर एक साल मे पूरा सेटअप तैयार कर विशेषज्ञ बनाना चाहते हैं। जल्द ही कोरपोरेट इन्वेस्टर्स को लिकअप कर रहे है ताकि स्टार्ट अप करने वालो को धनराशि की दिक्कत भी न आए।

**• एबिक सेंटर से 650 स्टार्टअप बढ़े**

नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से संबद्ध पूसा एग्री इन्कयूबिशन सेंटर (एबिक) की सीईओ व प्रधान वैज्ञानिक डा. नीरू भूषण बताती है कि कृषि मंत्रालय की तरफ से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना से देश में 29 इन्कयूबिशन सेंटर की पहले फेज में स्थापना की गई है। खास बात है अभी तक के निरीक्षण मे हमें सभी एबिक सेंटर में शत प्रतिशत परफार्मेंस का रिस्पांस मिल रहा है। अभी तक देश में 58 इन्कयूबिशन सेंटर के प्रोग्राम चल रहे हैं और 650 स्टार्ट अप को आगे बढाया जा रहा है। अभी तक के रिस्पास को देखकर जल्द ही और भी सेटर मत्रालय बढा सकता है। मत्रालय का उद्देश्य है कि स्टार्टअप के माध्यम से लोग उद्यमी बने और लोगों को रोजगार भी मिले।

**• लोगों को स्टार्टअप के लिए करते है आर्थिक मदद**

स्टार्ट अप हरियाणा टीम की तरफ से जितेंद्र किंद्रा व रीतिका खरबदा ने भी एचएयू के इस सेमिनार में भाग लिया। उन्होंने दैनिक जागरण से बात करते हुए बताया कि स्टार्ट अप प्रोजेक्ट को वह फंडिंग व बढावा देने का काम करते हैं। इसके लिए एचएयू के एबिक सेंटर में क्या काम हो रहे हैं यह भी हमने देखा है। स्टार्ट-अप हरियाणा कार्यक्रम के तहत हमने सात विश्वविद्यालय को 30-30 लाख रुपये की फंडिंग की है।

Scanned with CamScanner

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ....अमर उजाला....
दिनांक 16.1.2020 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 5-6

# एग्री बिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर की कृषि आधारित नए उद्यमों को शुरू करने में अहम भूमिका



एचएयू में प्रदर्शनी का अवलोकन करते कृषि मंत्री जेपी दलाल। - अमर उजाला

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के गृह विज्ञान महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय स्तर का दो दिवसीय नेशनल इन्क्यूबेटर्स कोलोक्वियम आयोजित किया गया। इस सेमिनार के मुख्य अतिथि हरियाणा के कृषि व किसान कल्याण मंत्री जयप्रकाश दलाल थे। इस सेमिनार में वशिष्ठ अतिथि के तौर पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट (निफ्टम), सोनीपत के कुलपति, डॉ. चिंदी वासुदेवप्पा उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता कुलपति, प्रो. केपी सिंह ने की।

इस दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि एचएयू में शुरू किया गया एग्री बिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर कृषि आधारित नए उद्यमों को शुरू करने की दिशा में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह केवल व्यवसायिक ही नहीं बल्कि सामाजिक बदलाव का भी वाहक बन रहा है। उन्होंने कहा कि आज कृषि पूरी तरह से तकनीक आधारित हो चुकी है और ग्रामीण युवाओं तक तकनीक का लाभ पहुंचाना बहुत आवश्यक है। यहां चल रहे इंक्यूबेशन सेंटर में स्टार्ट-अप ने जो सफलताएं प्राप्त की हैं उनके अनुभवों का लाभ दूसरों को भी मिलना चाहिए। एचएयू के कुलपति प्रो. केपी सिंह कृषि उद्यमियों से आह्वान किया कि वे देश में ऐसा इको-सिस्टम तैयार करें जिससे भविष्य में नए उद्यमियों को तैयार करने का मार्ग प्रशस्त हो सके। आज देश को नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले युवाओं की जरूरत है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार के इस एकमात्र इंक्यूबेशन सेंटर में नए उद्यमियों को हर वो सुविधा एक ही छत के नीचे उपलब्ध करवाई जा रही है जो उनके आइडिया को धरातल पर उतारने के लिए जरूरी हैं। कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शामिल हुए निफ्टेम, सोनीपत के कुलपति डॉ. सी वासुदेवप्पा ने भी स्टार्ट-अप्स को सफलता प्राप्त करने के नए मंत्र दिए। इस अवसर पर राबी के पी-आई, डॉ. आरके जोरड़, नोडल अधिकारी, डॉ. सीमा, डॉ. नीरू भूषण, नीति आयोग के सलाहकार, डॉ. राज भंडारी, पीबीसी, शालिनी गुप्ता, बलजीत रेढ़ू, तेजस्वी भार्गव आदि मौजूद रहे।

## मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय का किया उद्घाटन

इस दौरान कृषि मंत्री ने एचएयू में नवनिर्मित प्रदेश के पहले मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होनें कहा कि हरियाणा से दिल्ली का मार्केट जुड़ा होने के कारण प्रदेश के किसानों को मत्स्य पालन से अच्छी आमदनी हो सकती हैं। प्रदेश में बहोत बड़ा इलाका ऐसा है जहां खारा पानी है। इस प्रकार का पानी मछली पालन के लिए अच्छा स्त्रोत है। एचएयू के वीसी प्रो. सिंह ने बताया कि इस वर्ष मत्स्य महाविद्यालय में परास्नातक व पीएचडी के दाखिले किए गए हैं। अगले सत्र से बीएफएससी (स्नातक) मे भी दाखिले किए जाएंगे।

Scanned with CamScanner

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम हरि भूमि
दिनांक 16.1.2020 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 2-8

# यूरोप की तर्ज पर गांवों में लगाए जाएंगे साप्ताहिक बाजार : दलाल


## चार-पांच गांवों के कलस्टर बनाकर बाजार बनाने की है योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

प्रदेश में यूरोप की तर्ज पर गांवों में साप्ताहिक बाजार लगाए जाएंगे। 4-5 गांवों के कलस्टर बनाकर इस तरह के बाजार बनाने की योजना है। यह बात कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल ने हकृवि में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। वे आज यहां कृषि पर्यटन केंद्र व गोल्डन जुबली फ्लावर कार्निवल का उद्घाटन करने पहुंचे थे।

कृषि मंत्री दलाल ने कहा कि किसान अनाज या फल-सब्जी पैदा तो करता है लेकिन उनकी मार्केटिंग नहीं कर पाता। हरियाणा सरकार का प्रयास है कि खरीददार किसान के दरवाजे तक पहुंचे। ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी जिससे बिचौलिए किसान व बायर के बीच से दूर हों। खेती का बड़ा लाभ बिचौलिए ले जाते हैं, इस कारण किसान की आमदनी नहीं बढ़ पाती।

- कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कहा कि किसान और बायर्स के बीच की घटाई जाएंगी दूरियां
- किसानों के हिस्से का लाभ ले जाते हैं बिचौलिए
- कृषि पर्यटन केंद्र व गोल्डन जुबली फ्लावर कार्निवल का उद्घाटन



हिसार। हकृवि के कृषि पर्यटन केन्द्र में आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन करते कृषि मंत्री जेपी दलाल व अन्य।

### कर्जमाफी लुभावना हथियार, नहीं स्थाई हल

प्रदेश में जजपा द्वारा सरकार बनने पर किसानों के कर्ज माफी की घोषणा के संबंध में पूछे गए सवाल पर कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि कर्जमाफी किसानों की हालत सुधारने का स्थाई हल नहीं है। यह चुनाव में किया जाने वाला लुभावना हथियार है। सरकार फिलहाल कर्जमाफी को लेकर कोई योजना तैयार नहीं कर रही। किसानों की आय बढ़ाने को लेकर योजनाएं बनाई जा रही है।

### मत्स्य कॉलेज को लेकर रार

कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल हकृवि के मत्स्य कॉलेज के उद्घाटन को लेकर आए थे। हकृवि द्वारा मत्स्य कॉलेज खोले जाने को लेकर लुवास को एतराज है। लुवास भी नई बिल्डिंग बनने पर मत्स्य कॉलेज खोलने जा रहा है। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि हकृवि और लुवास दोनों हरियाणा से जुड़ी है। लुवास भी अपना कॉलेज और कहीं खोल सकता है, उनको भी सरकार अनुमति देगी।

### किसान की लागत को कम करने का प्रयास

कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि किसान की लागत को कम किया जाए, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाए। गन्नौर में इसी प्रयास को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर की मंडी भी विकसित की जा रही है। किसानों को खेती के साथ दूध, मत्स्य पालन और पोल्ट्री आदि को साथ लेकर खेती करें। इससे आय बढ़ने में मदद मिलेगी।

Scanned with CamScanner

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समचार पत्र का नाम........दैनिक ट्रिब्यून........

दिनांक 16.1.2020........ पृष्ठ सं. 5........ कॉलम 3-6........

## अगले सत्र से स्नातक कोर्स में होंगे दाखिले

# प्रदेश को मिला पहला मत्स्य विज्ञान कालेज

हिसार, 15 जनवरी (निस)

प्रदेश के कृषि व किसान कल्याण पशुपालन एवं डेयरी मत्स्य एवं कानून मंत्री जय प्रकाश दलाल ने कहा कि कहा कि हरियाणा से दिल्ली का मार्केट जुड़ा होने के कारण प्रदेश के किसानों को मत्स्य पालन से अच्छी आमदनी हो सकती है। प्रदेश में बहुत बड़ा इलाका ऐसा है जहां खारा पानी है। इस प्रकार का पानी मछली पालन के लिए अच्छा स्रोत है। कृषि मंत्री हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि) में प्रदेश के पहले मत्स्य महाविद्यालय के उद्घाटन समारोह के दौरान किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि



हिसार में बुधवार को मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय का उद्घाटन करते कृषि मंत्री जेपी दलाल व कुलपति प्रो. केपी सिंह। -निस

हरियाणा में अब तक किसान पारम्परिक तौर पर गेहूं, चावल की खेती करते रहे हैं, परन्तु अब कुलपति, प्रो. केपी सिंह के प्रयासों से किसानों की आय के अतिरिक्त साधन के तौर पर मछली पालन व अन्य जल कृषि को बढावा देने के लिए मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय शुरू किया है।

प्रो. सिंह ने बताया कि इस वर्ष मत्स्य महाविद्यालय में परास्नातक व पीएचडी के दाखिले किये गए हैं। अगले सत्र से बीएफएससी (स्नातक) में भी दाखिले किए जाएंगे। निदेशक, मत्स्य विभाग, हरियाणा सरकार, प्रेम सिंह मलिक ने बताया कि मत्स्य महाविद्यालय खुलने से भारत सरकार व प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग में अभी तक बीएससी मेडिकल से जुडे छात्र जाते थे, लेकिन इस महाविद्यालय के खुलने से मत्स्य विभाग में फिशरी के एक्सर्प छात्रों को ही वरीयता दी जायेगी। डॉ. धर्मबीर मलिक ने बताया कि मत्स्य महाविद्यालय में 7 अलग-अलग विभागों में छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा होगीं।

Scanned with CamScanner

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक भास्कर....
दिनांक..16.1.2020.... पृष्ठ सं.....2..... कॉलम....6-8....

## एचएयू में प्रदेश के पहले मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय का शुभारंभ

# पीएचडी में दाखिले शुरू, अगले सत्र में बीएफएससी में भी किए जाएंगे दाखिले

भास्कर न्यूज | हिसार



मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में पहुंचे कृषि मंत्री व अन्य।

एचएयू में नवनिर्मित प्रदेश के पहले मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय का उद्घाटन बुधवार को कृषि मंत्री जेपी दलाल ने किया। विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद अब जहां मछली पालन के क्षेत्र में आने वाली परेशानियों को रिसर्च और अन्य माध्यमों से दूर किया जा सकेगा। वहीं किसानों को मत्स्य पालन के बारे में भी ट्रेंड किया जाएगा। अगले सत्र में बीएफएससी (स्नातक) में भी दाखिले शुरू कर दिए जाएंगे।

उद्घाटन समारोह में प्रदेश के कृषि मंत्री ने कहा कि हरियाणा से दिल्ली का मार्केट जुड़ा होने के कारण प्रदेश के किसानों को मत्स्य पालन से अच्छी आमदनी हो सकती है। प्रदेश में बहुत बड़ा इलाका ऐसा है जहां खारा पानी है। इस प्रकार का पानी मछली पालन के लिए अच्छा स्त्रोत है। वीसी ने बताया कि इस वर्ष मत्स्य महाविद्यालय में परा-स्नातक व पीएचडी के दाखिले किए गए हैं। अगले सत्र से बीएफएससी (स्नातक) में भी दाखिले किए जाएंगे। हरियाणा के मत्स्य विभाग के निदेशक प्रेम सिंह मलिक ने बताया कि मत्स्य महाविद्यालय खुलने से भारत व प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग में अभी तक बीएससी मेडिकल से जुड़े छात्र जाते थे लेकिन इस महाविद्यालय के खुलने से मत्स्य विभाग में फिशरी के एक्सपर्ट छात्रों को ही वरीयता दी जाएगी। डॉ. धर्मबीर मलिक ने बताया कि मत्स्य महाविद्यालय में सात अलग-अलग विभाग एक्वाकल्चर, मत्स्य संसाधन प्रबंधन, मछली प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी, जलीय पर्यावरण प्रबंधन, मछली इंजीनियरिंग, जलीय पशु स्वास्थ्य प्रबंधन व मत्स्य विस्तार, अर्थशास्त्र और सांख्यिकी में हरियाणा प्रदेश के छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा होगी।

चंडीगढ़ के रीजनल सेंटर फॉर इंटनेप्रेनरशिप डिवेलपमेंट के डायरेक्टर परमजीत सिंह ने कहा कि किसान को अपने तैयार माल में वेल्यू एड जरूर करनी चाहिए।

## हरियाणा में कोई विधायक नाराज नहीं, दिल्ली चुनाव पर कुछ नहीं बोलूंगा: जेपी

प्रदेश के कृषि एवं मत्स्य पालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि हरियाणा के विधायकों में कोई नाराजगी नहीं है। भाजपा-जेजेपी सरकार बेहतर तालमेल के साथ चल रही है। कृषि मंत्री बुधवार को एचएयू में एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। जब उनसे सीएम मनोहर लाल और गृहमंत्री अनिल विज के बीच सीआईडी पर विवाद को लेकर बात की तो वह मुस्करा कर टाल गए। दिल्ली चुनाव में भाजपा-जेजपी गठबंधन की क्या भूमिका रहेगी, इस सवाल पर भी कृषि मंत्री टाल गए।

Scanned with CamScanner

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक ट्रिब्यून
दिनांक: 16.1.2020 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 3-6

**कृषि आधारित उद्यमों को शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर**

# हकृवि ने कृषि को आधुनिक दिशा में ले जाने का किया काम : कृषि मंत्री

हिसार, 15 जनवरी (निस)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय स्तर का दो दिवसीय नेशनल इन्क्यूबेटर्स कोलोक्वियम आयोजित किया गया, जिसमें बतौर चीफ गेस्ट प्रदेश के कृषि व किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य एवं कानून मंत्री जयप्रकाश दलाल थे और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट (निफ्टम), सोनीपत के कुलपति डॉ. चिंदी वासुदेवप्पा विशिष्ट अतिथि थे।

समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. केपी सिंह ने की। इस मौके पर कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शुरू किया गया एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर कृषि आधारित नये उद्यमों को शुरू करने की दिशा में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने कृषि क्षेत्र को परंपरागत से आधुनिक दिशा में ले जाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हकृवि कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि देश में यह इस प्रकार का पहला आयोजन है, जो कृषि व्यवसाय के लिए उद्यमियों को तैयार करने का प्लेटफार्म उपलब्ध करवा रहा है।

कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में शामिल हुए निफ्टेम, सोनीपत, के कुलपति डॉ. सी. वासुदेवप्पा ने भी स्टार्ट-अप्स को सफलता प्राप्त करने के नये मंत्र दिए। इस अवसर पर राबी के पी-आई, डॉ. आरके झोरड़, नोडल अधिकारी डॉ. सीमा डॉ. नीरू भूषण, नीति आयोग के सलाहकार, डॉ. राज भंडारी, पीवीसी शालिनी गुप्ता, बलजीत रेढू, तेजस्वी भार्गव सहित किसान व अन्य अधिकारी शामिल थे।

**कृषि पर्यटन केन्द्र, गोल्डन जुबली फ्लावर कार्निवल का किया उद्घाटन**

कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कृषि विश्वविद्यालय में आज कृषि पर्यटन केन्द्र व गोल्डन जुबली पुष्प कार्निवल का शुभारंभ किया। इस मौके पर वीसी प्रो केपी सिंह उपस्थित थे। कुलपति प्रो केपी सिंह ने कृषि मंत्री जेपी दलाल को कृषि पर्यटन केन्द्र की स्थापना एवं उद्देश्य के बारे बताया व केन्द्र मे स्थापित विटामिन गार्डन, औषधीय गार्डन, एक्वेटिक प्लांट गार्डन आदि की जानकारी दी। उन्होंने फ्लावर कार्निवल - 2020 मे लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

**रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशक दवाओं का अंधाधुंध प्रयोग न करें किसान**



सिवानी खंड के गांव बुधशैली में बुधवार को जनसभा को सम्बोधित करते हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जयप्रकाश दलाल। निस

सिवानीमंडी (निस) : प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कहा है कि लोहारू हलके के लोगों ने जो ताकत व आशीर्वाद दिया है, इसको हलके के विकास में लगाऊंगा। कृषि मंत्री ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के हलके का विकास करवाकर अग्रणी बनाने का काम करूंगा। कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल ने बुधवार को धन्यवादी दौरा कर हलके के गांव बुधशैली, घघाला, ढाणी भाकरा, खिधवाल, गुढा तथा कालोद गांवों में लोगों द्वारा दिए गए आशीर्वाद के लिए आभार प्रकट किया। कृषि मंत्री ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है इसलिए कृषि क्षेत्र को लाभदायक एवं जोखिम रहित तथा रोजगारपरक बनाया जाएगा। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि वे रासायनिक उर्वरकों व कीटनाशक दवाइयों का अंधाधुंध प्रयोग न करें। इससे भूमि की उर्वरा शक्ति घटती है और कैंसर जैसी बीमारियां बढ़ती है। किसानों को ऑर्गेनिक खेती की तरफ ध्यान देना चाहिए। किसानों को इसके लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा कृषि मंत्री ने कहा कि लोहारू क्षेत्र में 100 एकड़ भूमि में बागवानी का उत्कृष्ट केन्द्र खोला जाएगा। उन्होंने पशुपालकों से अनुरोध किया वे अपने पशुओं का बीमा अवश्य करवाएं। उन्होंने युवाओं का भी आह्वान किया कि वे बागवानी व पशुपालन व्यवसाय को अपनाकर मेहनत करें ताकि उनकी आय में बढ़ोतरी हो सके। इस अवसर पर नायब तहसीलदार प्रदीप कौशिक, बीडीपीओ हरिकिशन शर्मा, मार्केटिंग बोर्ड के कार्यकारी अभियंता रमेश कुमार, एसडीओ होम सिंह, चेयरमैन अनिल झाझड़िया, चेयरमैन सुरेश खटक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पार्टी पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ......वीर भूमि, अमर उजाला
दिनांक 16.1.2020 ...... पृष्ठ सं. 14, 6 ...... कॉलम 2:3, 1:2



हिसार। अवार्ड मिलने पर छात्र अभिषेक का स्वागत करते कुलपति प्रो. केपी सिंह।

## हकृवि के छात्र अभिषेक को मिला स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय युवा अवार्ड

हिसार। हकृवि के छात्र अभिषेक को संस्कृति फाउंडेशन, युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय युवा अवार्ड - 2020 से नवाजा गया। महाराष्ट्र के भूसावल में आयोजित स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय युवा सम्मेलन सम्मान समारोह में बेहतरीन काम के लिए उनको यह सम्मान प्रदान किया गया। यह अवार्ड पूरे भारत में समाज सेवा के क्षेत्र में तीन लोगों को दिया गया है। विश्वविद्यालय में भी अभिषेक ने कई अन्य सराहनीय कार्य किये है। इस अवार्ड के लिए अभिषेक के विवि पहुंचने पर कुलपति प्रो. केपी सिंह तथा छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने अभिषेक की उपलब्धि पर हर्ष जताया है।

## अभिषेक को मिला स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय युवा अवॉर्ड



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र अभिषेक को संस्कृति फाउंडेशन, युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा महाराष्ट्र के भूसावल में आयोजित स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय युवा सम्मेलन सम्मान समारोह में बेहतरीन काम के लिए स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय युवा अवॉर्ड-2020 से नवाज़ा गया। यह अवॉर्ड पूरे भारत में समाजसेवा के क्षेत्र में तीन लोगों को दिया गया है। विश्वविद्यालय में भी अभिषेक ने कई अन्य सराहनीय कार्य किए हैं। इस अवॉर्ड के लिए अभिषेक के विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति प्रो. केपी सिंह तथा छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने इस उपलब्धि पर अभिषेक को बधाई दी।

CS Scanned with CamScanner

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक जागरण, पंजाब केसरी
दिनांक: 16.1.2020 पृष्ठ सं. 15, 4 कॉलम 7-8, 7-8

## छात्र अभिषेक को मिला स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय युवा अवार्ड

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र अभिषेक को संस्कृति फाउंडेशन, युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय युवा अवार्ड से नवाजा गया। यह अवार्ड उन्हे बेहतरीन काम के लिए महाराष्ट्र के भूसावल मे आयोजित स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय युवा सम्मेलन सम्मान समारोह मे दिया गया। यह अवार्ड पूरे भारत मे तीन लोगो को दिया गया है। विश्वविद्यालय मे भी अभिषेक ने कई अन्य सराहनीय कार्य किए है। अभिषेक के विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति प्रो. केपी सिंह और छात्र कल्याण निदेशक डा. डीएस दहिया ने बधाई दी। (जासं)



अभिषेक को सम्मानित करते कुलपति प्रो. केपी सिंह व डा. डीएस दहिया। • विज्ञप्ति

## हकृवि के छात्र अभिषेक को मिला युवा अवार्ड



हिसार (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र अभिषेक को संस्कृति फाउंडेशन, युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा महाराष्ट्र के भूसावल में आयोजित स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय युवा सम्मेलन सम्मान समारोह में बेहतरीन काम के लिए स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय युवा अवार्ड-2020 से नवाजा गया। यह अवार्ड पूरे भारत में समाज सेवा के क्षेत्र में 3 लोगों को दिया गया है।

Scanned with CamScanner


लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........नभ-छोर........
दिनांक 15-1-2020........ पृष्ठ सं. 2........ कॉलम 6-8........

# हकृवि के अभिषेक को मिला स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय युवा अवार्ड

**हिसार**/15 जनवरी/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र अभिषेक को संस्कृति फाउंडेशन, युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा महाराष्ट्र के भूसावल में आयोजित स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय युवा सम्मेलन सम्मान समारोह में बेहतरीन काम के लिए स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय युवा अवार्ड - 2020 से नवाजा गया। यह अवार्ड पूरे भारत में समाज सेवा के क्षेत्र में तीन लोगों को दिया गया है। विश्वविद्यालय में भी अभिषेक ने कई अन्य सराहनीय कार्य किये हैं। विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति, प्रो. केपी सिंह तथा छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने इस उपलब्धि पर अभिषेक को बधाई दी।



CS Scanned with CamScanner

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....पाठक पक्ष, सिटी पल्स....
दिनांक 15.1.2020...... पृष्ठ सं. 2, 3...... कॉलम 1-2, 3-4

# हकृवि के छात्र अभिषेक को मिला स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय युवा अवार्ड



हिसार, 15 जनवरी (निस): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र अभिषेक को संस्कृति फाउंडेशन, युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा महाराष्ट्र के भुसावल में आयोजित स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय युवा सम्मेलन सम्मान समारोह में बेहतरीन काम के लिए स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय युवा अवार्ड - 2020 से नवाजा गया। यह अवार्ड पूरे भारत में समाज सेवा के क्षेत्र में तीन लोगों को दिया गया है। विश्वविद्यालय में भी अभिषेक ने कई अन्य सराहनीय कार्य किये हैं। इस अवार्ड के लिए अभिषेक के विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति, प्रो. के.पी. सिंह तथा छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डी.एस. दहिया ने इस उपलब्धि पर अभिषेक को बधाई दी।

# हकृवि छात्र अभिषेक को मिला स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय युवा अवार्ड-2020



सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र अभिषेक को संस्कृति फाउंडेशन, युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा महाराष्ट्र के भुसावल में आयोजित स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय युवा सम्मेलन सम्मान समारोह में बेहतरीन काम के लिए स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय युवा अवार्ड-2020 से नवाजा गया। यह अवार्ड पूरे भारत में समाज सेवा के क्षेत्र में तीन लोगों को दिया गया है। विश्वविद्यालय में भी अभिषेक ने कई अन्य सराहनीय कार्य किए है। इस अवार्ड के लिए अभिषेक के विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति, प्रो. केपी सिंह तथा छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने इस उपलब्धि पर अभिषेक को बधाई दी।

CS Scanned with CamScanner

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक ट्रिब्यून

दिनांक: 16.1.2020 पृष्ठ सं.: 4 कॉलम: 5-6

# हकृवि की टीम ने जीता बेस्ट टीम खिताब



हिसार में बुधवार को शिविर के दौरान टीम को मिले बेस्ट खिताब के साथ टीम सदस्य, वीसी प्रो. केपी सिंह व अन्य। निस

**हिसार (निस) :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की टीम ने इंडियन रेडक्रास सोसाइटी हरियाणा द्वारा कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्यस्तरीय युवा रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार जीता। इस टीम के विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति, प्रो. केपी सिंह तथा छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डीएस दहिया ने इस उपलब्धि पर बधाई दी। रेडक्रास प्रभारी डॉ. भगत सिंह ने बताया कि इस छह दिवसीय शिविर में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों की 25 टीमों ने हिस्सा लिया। छात्रों ने समूहगान, समूह नृत्य, प्रश्नोत्तरी, एकल गायन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। फिरदोस मलिक ने बेस्ट यूथ का पुरस्कार प्राप्त किया।

Scanned with CamScanner

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....पाठक पक्ष....

दिनांक..15.1.2020.... पृष्ठ सं....5.... कॉलम....1-2....

# हकृवि की टीम ने राज्य स्तरीय शिविर में बेस्ट टीम का खिताब जीता




हिसार, 15 जनवरी (निस) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की टीम ने इंडियन रेडक्रास सोसाइटी हरियाणा द्वारा कुरूक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय युवा रेडक्रास परिक्षण शिविर में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ टीम का पुरस्कार जीता। इस टीम के विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति, प्रो. के.पी. सिंह तथा छात्र कल्याण निदेशक डॉ. डी.एस. दहिया ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा टीम को बधाई दी। रेडक्रास प्रभारी डॉ. भगत सिंह ने बताया कि इस छः दिवसीय शिविर में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों की 25 टीमों ने हिस्सा लिया। उन्होंनें बताया कि इस शिविर के दौरान युवाओं को प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबधंन, राष्ट्रीय एकीकरण, यातायात नियम आदि विषयों की जानकारी दी गई। इसके साथ उन्हें दूसरों की सेवा के लिए तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। इस शिविर में युवाओं को अनेक बुद्धिजीवियों के विचारों से अवगत होने का अवसर मिला। शिविर में टीम लीडर अक्षय मेहता, कृष्ण आहुजा, अंकित यादव, अंश, अमन, तारिक, फिरदोस मलिक, शुभम सचदेवा, गौरव व प्रेम कुमार ने हिस्सा लिया। जिसमें छात्रों ने समूहगान, समूह नृत्य, प्रश्नोत्तरी, एकल गायन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। फिरदोस मलिक ने बेस्ट यूथ का पुरस्कार प्राप्त किया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........पाठक पक्ष........
दिनांक 16.1.2020 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 3-5

# कृषि महाविद्यालय में रावे छात्रों को दिया तकनीकी ज्ञान




हिसार, 15 जनवरी (निस) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग के सहयोग से बायरक्रॉपसाईंस लिमिटिड द्वारा विश्वविद्यालय के बी.एस.सी (आनर्स) एग्रीकल्चर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए रूरल एग्रीकल्चर वर्क एक्सपीरिएंस (रावे) कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत ने विस्तार शिक्षा के महत्व व विद्यार्थी एवं कृषक के बीच की कड़ी पर चर्चा की। उन्होने विद्यार्थियों से आहवान किया कि वे अपने विषय की स्प्रे की विधियों में पूर्णतः परंगत होने के लिए आयोजकों से अपने सभी प्रश्नों का समाधान प्राप्त कर सके ताकि किसानों तक सही जानकारी पहुचाई जा सके। उन्होनें विद्यार्थियों को कीटनाशक के समुचित रख-रखाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सस्य विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. समुन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों के कीटनाशक एवं खरपतवारनाशक के प्रयोग की नवीनतम तकनीक के बारे में बताया तथा विद्यार्थियों के समुह द्वारा इसका उपयोग स्वंय करके देखा गया। इसके अलावा कृषि में आने वाली समस्याओं को सही तरीके से समझने व उनके निदान के उपायों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर रावे कार्यक्रम कॉरडिनेटर, डॉ. एस.के ठकराल, रावे सलाहकार, डॉ. प्रवीन कुमार, बायरक्रॉपसाइंस लि. के सुशील देसाई, ताराचंद व छात्र उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक भास्कर
दिनांक: 16.1.2020 पृष्ठ सं.: 7 कॉलम: 3-5

# बाजरे की दो किस्म संकरों एचएचबी-299 व 311 के सेवन से आयरन बढ़ेगा, एनीमिया से मिलेगी निजात

## एचएयू ने आंध्र प्रदेश की कंपनी से समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

**भास्कर न्यूज** | हिसार



हिसार | एमओयू के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह व अन्य

एचएयू ने टेक्नोलॉजी व्यवसायीकरण की दिशा में आगे बढ़ते हुए आन्ध्र प्रदेश की बीज कंपनी- संपूर्ण सीड्स के साथ अनुबंध किया है। कंपनी बाजरा की दो किस्मों संकरों एचएचबी 299 और एचएचबी 311 का बीज को किसानां तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगी। बाजारा की दो किस्में को किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह अनुबंध किया गया है। बाजरा की दोनों की किस्म के सेवन से एनीमिया से भी निजात मिल सकेगी। यहीं नहीं आयरन की मात्रा भी 30 से 40 प्रतिशत तक अधिक होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह की उपस्थिति में इस अनुबंध पर एचएयू की ओर से मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. एमएस सिद्धपुरिया जबकि बीज कंपनी से वाई रमेश ने हस्ताक्षर किए।

कुलपति, प्रो. केपी सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय अधिक उपज वाली व बढ़िया किस्मों को विकसित कर किसानों तक पहुचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में उपरोक्त बीज कंपनी को बाजरा के संकरों एचएचबी 299 और एचएचबी 311 का बीज तैयार करके उसकी मार्केटिंग करने हेतु चार वर्ष के लिए गैर एकाधिकार (नॉन एक्सक्लूसिव) लाइसेंस दिया गया है। ये किस्में बायोफोर्टिफाइड (उच्च लोहा और जस्ता) है जिसमें उच्च अनाज और सूखे चारे की उपज की क्षमता दोनों अधिक है। इन किस्मों में आयरन की मात्रा 30-40 प्रतिशत से ज्यादा है तथा ये डाऊनी मिल्ड्यू रोग के प्रति रोधक हैं।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ....अमर उजाला....

दिनांक 16.1.2020 ........ पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम ....1-3....

# वोट लेने के लिए कर्ज माफी एक लुभावना हथियार : जेपी दलाल

## कृषि मंत्री बोले, बिचौलिए को खत्म कर वीकली बाजार लगाने की योजना

अमर उजाला ब्यूरो

**हिसार।** प्रदेश के कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा है कि लोकतंत्र में वोट लेने के लिए कर्ज माफी एक लुभावना हथियार है। मगर सोचने का विषय है कि किसान कर्ज में क्यूं हो। अगर खेतीबाड़ी लाभदायक होगी तो उसे कर्ज लेने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी। हमारी कोशिश यही रहेगी कि किसानों की आमदनी इतनी हो जाए कि उसे कर्ज लेने की जरूरत ही न पड़े। कर्ज माफी किसी समस्या का समाधान नहीं है। आमदनी बढ़ाना ही इसका समाधान है। कृषि मंत्री बुधवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे।

उन्होंने कहा कि किसान फसल पैदा तो कर लेता है, लेकिन उसे बाजार नहीं मिलता। हमारा मकसद किसानों को बाजार उपलब्ध कराना है। हम चाहते हैं कि किसान के दरवाजे पर बाजार उपलब्ध हो, ताकि खरीदार वहां पहुंचकर सामान खरीदे, जिससे किसान को फायदा हो व खरीदार को भी सस्ता सामान मिले और साथ ही बिचौलिए खत्म हो। इसके तहत हर छह से सात गांवों के बीच वीकली बाजार लगाने की योजना है, जहां किसान अपना माल बेच सकेंगे।

**इनक्यूबेटर सेंटर से मिलेगा मंच:** एचएयू के इनक्यूबेटर सेंटर शुरू करने से युवाओं को काफी फायदा होगा। क्योंकि युवाओं के पास आज के समय पर नए आइडियाज तो हैं, लेकिन उन्हें कैसे सफल करें, इसके लिए विवि उन्हें मंच उपलब्ध कराएगा। इससे जो युवा विदेशों में जाकर कामयाब होते हैं, अब अपनी धरती ही सफल उद्यमी बनेंगे।

**फिशरीज कॉलेज पर नहीं कोई विवाद:** एचएयू व लुवास के बीच फिशरीज कॉलेज को लेकर चल रहे विवाद पर कृषि मंत्री ने कहा कि दोनों सरकार के उपक्रम है और इनके बीच कोई विवाद नहीं है। अगर लुवास भी फिशरीज कॉलेज खोलना चाहता है तो वह भी प्रदेश में कहीं भी फिशरीज खोल सकता है।

### गन्नौर में बनेगी अंतरराष्ट्रीय स्तर की मंडी

किसानों की आय बढ़ाने पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गन्नौर में अंतरराष्ट्रीय स्तर की मंडी बनाने के लिए 400 करोड़ रुपये दिए हैं, जिसमें सभी तरह की सुविधाएं होंगी। इसमें पैकेजिंग, कोल्ड स्टोरेज की भी सुविधा होगी। इसके अलावा किसानों को मंडियों में सस्ते रेट पर भोजन उपलब्ध कराना, फसलों का भाव बढ़ाना, पानी की अच्छी व्यवस्था करना, खेती के साथ-साथ अन्य व्यवसाय शुरू करवाना आदि योजनाओं पर काम किया जा रहा है, ताकि उसकी आय दोगुनी हो सके। धान घोटाले पर कहा कि चेकिंग के दौरान कुछ जगह माल मिला है, जिनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### हौटा के सदस्यों और विद्यार्थियों ने सौंपा मांग पत्र



कृषि मंत्री को ज्ञापन सौंपते हौटा प्रधान डॉ. करमल व अन्य। - अमर उजाला


**हिसार।** हौटा के पदाधिकारियों ने प्रधान डॉ. करमल सिंह मलिक के नेतृत्व में कृषि व किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल से मुलाकात कर मांग पत्र' सौंपा। इस मुलाकात के दौरान हरियाणा सरकार से संबंधित चार मांगों के विषय में कृषि मंत्री को अवगत करवाया, जिसमें पीएचडी की पांच एडवांस इन्क्रीमेंट लागू की जाए जोकि काफी समय से वित्त मंत्रालय के स्तर पर लम्बित है (छठे वेतनमान), यूजीसी के दिशा निर्देश 2018 के अनुसार पीएचडी की पांच एडवांस इन्क्रीमेंट लागू की जाए।

इसके अलावा पुरानी पेंशन बहाली व वैज्ञानिकों की रिटायरमेंट आयु 60 से 65 वर्ष करवाने बारे भी संज्ञान पत्र सौंपा। इस अवसर पर कृषि मंत्री जेपी दलाल ने सभी मांगों को ध्यानपूर्वक सुना व सकारात्मक कार्यवाही के लिए सम्बन्धित अधिकारियों के संज्ञान में लाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा एग्रीकल्चर व एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने अपनी-अपनी मांगों को लेकर कृषि मंत्री को ज्ञापन सौंपा। एग्रीकल्चर कॉलेज के छात्रों ने कहा कि पिछले 9 साल से कोई एग्रीकल्चर से संबंधित पदों पर कोई भर्ती नहीं हुई है, जबकि वर्तमान में एडीओ की प्रदेश में 750 पोस्ट खाली है। इसके अलावा छात्रों ने एग्रीकल्चर के सभी प्राइवेट कॉलेजों को आईसीएआर से भी मान्यता लेने का नियम लागू करने और न लेने पर ऐसे कॉलेजों से पासआउट छात्रों को सरकारी नौकरियां में अमान्य घोषित करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में रोहित, हरेंद्र, मंदीप, प्रदीप व आकाश आदि शामिल थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: हरि भूमि
दिनांक: 16.1.2020 पृष्ठ सं: 14 कॉलम: 7-8

# हकृवि शिक्षक संघ ने कृषि मंत्री को सौंपा मांगपत्र



कृषि मंत्री को मांग पत्र सौंपते हौटा के प्रधान डॉ. करमल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हौटा के पदाधिकारियों ने प्रधान डॉ. करमल सिंह मलिक के नेतृत्व में कृषि व किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। इस मुलाकात के दौरान हरियाणा सरकार से संबधित चार मांगों के विषय मे कृषि मंत्री जेपी दलाल को विस्तार पूर्वक अवगत करवाया।

जिसमें पीएचडी की पांच एडवांस इंक्रीमेंट लागू की जाएं जोकि काफी समय से वित्त मंत्रालय के स्तर पर लंबित हैं। यूजीसी के दिशा निर्देश-2018 के अनुसार पीएचडी की पांच एडवांस इंक्रीमेंट लागू की जाएं, इस विषय में विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से भी प्रदेश सरकार को अनुरोध भेजा जा चुका है। पुरानी पेंशन बहाली के लिए अनुरोध, और वैज्ञानिकों की रिटायरमेंट आयु 60 से 65 वर्ष करवाने बारे भी संज्ञान पत्र सौंपा। विश्वविद्यालय में वैज्ञानिकों व तकनीकी सहायकों के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया को तीव्र करने के लिए भी निवेदन किया। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने सभी मांगों को संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाने का आश्वासन दिया है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........दैनिक जागरण........
दिनांक 16.1.2020 पृष्ठ सं. 15 कॉलम 4

# एचएयू शिक्षक संघ ने मांगों को लेकर कृषि मंत्री को दिया पत्र

**जागरण संवाददाता, हिसार :** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय टीचर्स एसोसिएशन यानि हौटा के पदाधिकारियों ने बुधवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि एवं पशु पालन मंत्री जेपी दलाल को ज्ञापन दिया। प्रधान डा. करमल सिंह मलिक के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में चार मांगों के समाधान की मांग रखी। जिसमें पीएचडी की पांच एडवांस इंन्क्रीमेंट लागू की जाए, जोकि काफी समय से वित्त मंत्रालय के स्तर पर लम्बित है (छठे वेतनमान), यूजीसी के दिशा निर्देश -2018 के अनुसार पीएचडी की पांच एडवांस इंक्रीमेंट लागू की जाएं, इस विषय में विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से भी हरियाणा सरकार को अनुरोध भेजा जा चुका है, पुरानी पेंशन बहाली हेतू अनुरोध और वैज्ञानिकों की रिटायरमेंट आयु 60 से 65 वर्ष करवाने बारे भी संज्ञान पत्र सौंपा। विश्वविद्यालय में वैज्ञानिकों व तकनीकी सहायकों के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया को तीव्र करने करने का भी निवेदन किया। कृषि मंत्री जेपी ने सकारात्मक कार्रवाई के लिए सम्बन्धित अधिकारियों के संज्ञान में लाने का आश्वासन दिया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........ दैनिक भास्कर ........
दिनांक 16.1.2020 ........ पृष्ठ सं. ....3.... कॉलम ....5....

# एचएयू के शिक्षक संघ ने पुरानी पेंशन बहाली समेत मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

भास्कर न्यूज | हिसार

हौटा के पदाधिकारियों ने प्रधान डॉ. करमल सिंह मलिक के नेतृत्व में कृषि व किसान कल्याण मंत्री को ज्ञापन सौंपा।


ज्ञापन में पीएचडी की पांच एडवांस इन्क्रीमेंट लागू करने, यूजीसी के दिशा निर्देश -2018 के अनुसार पीएचडी की पांच एडवांस इन्क्रीमेंट लागू करने, पुरानी पेंशन बहाली, रिटायरमेंट की आयु 60 से 65 वर्ष करवाने की मांग की। कृत्रि मंत्री ने मांगों से विभागीय अधिकारियों को अवगत कराने का आश्वासन दिया।


लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम...दैनिक भास्कर...
दिनांक...16.1.2020... पृष्ठ सं....1.... कॉलम....1-8....











एचएयू के कृषि पर्यटन केन्द्र में दो दिवसीय गोल्डन जुबली पुष्प कार्निवाल-2020 का हुआ शुभारंभ

# एचएयू में पहुंचे हिसारियंस ने फूलों पौधों के बारे में जाना और खरीदा

सिटी रिपोर्टर • एक फूल जो खुद में खूबसूरती को समेटे होता है वहीं जब एक साथ अलग-अलग रंग, नाम और आकार के फूल एक साथ हो तो प्रकृति की बेजोड़ सुंदरता देखने को मिलती है। ऐसा ही देखने को मिला एचएयू के कृषि पर्यटन केंद्र में दो दिवसीय गोल्डन जुबली पुष्प कार्निवाल - 2020 में। जिसमें फूलों की खूबसूरती के साथ ही इस मेले को डैकोरेशन, लाइटिंग इफेक्ट्स ने और भी बढ़ा दिया। जगह- जगह सेल्फी कॉर्नर बनाए गए। कृषि पर्यटन केंद्र का उद्घाटन कृषि एवं कृषक कल्याण मत्री जेपी दलाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर वीसी प्रो. केपी सिह व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी ने मुख्य अतिथि को कृषि पर्यटन केंद्र की स्थापना एव उद्देश्य के बारे बताया व केंद्र में स्थापित विटामिन गार्डन, औषधीय गार्डन, एक्वेटिक प्लाट गार्डन आदि की जानकारी दी। शो में ग्लेड्युलस, ऑरचिड, लिलियम, रोज, सक्यूलेंट, कैक्टस, बॉनसाई, कट फ्लावर, ड्राई फ्लावर जैसी विभित्र कैटेगरीज में प्रतियोगिताएं हुई। विटामिन गार्डन, सरक्षित कषि, हाईड्रोपोनिक्स, कैक्टस, सकूलेट्स, सजावटी आर्नामेंटल फिशरीज को प्रदर्शित किया।

## आज होंगी ये प्रतियोगिताएं

आज कुलपति प्रो. केपी सिंह प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करेंगे। इसके साथ ही मेहदी रचाओ, रंगोली, ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।

## एक्वेरियम के पानी से न्यूट्रीशन रिच होती है किचिन गार्डनिंग



इन दिनों अर्बन फार्मिंग का क्रेज बढ़ रहा है। ऐसे में एक्वापोनिक्स एक अच्छा आप्शन बन सकता है। छोटे स्तर पर एक्वेरियम के पानी से किचिन गार्डनिंग की जाती है । वही बड़े स्तर पर इसमें मछली उत्पादन और फार्मिंग दोनों साथ की जा सकती है। डॉ रचना गुलाटी ने बताया कि यह सिस्टम एक्वाकल्चर और हाइड्रोपोनिक सिस्टम से मिलकर बनी हुए टेक्निक है। मछलियों से निकलने वाले वेस्ट की वजह से एक्वेरियम का वाटर न्यूट्रीशन रिच होता है। इसका प्रयोग अगर फार्मिंग में किया जाए तो यह काफी बेहतर है। जिसमें अन्य किसी फर्टिलाइजर की जरूरत नहीं होती। इसमें उगने सब्जिया न्यूट्रीशन रिच होती है जो कम्पलीट फूड का काम करती है।

### जानिए...कैसे करता है यह सिस्टम काम

कॉलेज ऑफ फिशरी साइंस से ग्रीस ने बताया कि इस सिस्टम में एक्वेरियम के पास उगाई जा रही सब्जियों या प्लाट्स के बड़े पॉट में वाटर सिस्टम सेट किया जाता है। पौधों को पत्थरों से सपोर्ट दिया जाता है। ऑप्शन के लिए कोकोपिट का प्रयोग भी किया जा सकता है। जिसमें मोटर के जरिए एक्वेरियम का वेस्ट वाटर फ्लो करते हैं। जिसमें पौधे अपनी जरूरत अनुसार वाटर में से न्यूट्रीशन ले लेते हैं। सिस्टम में पॉट के नीचे फिल्टर लगाए जाते हैं जो वाटर को साफ कर देते हैं। इस वाटर को दोबारा एक्वेरियम भेजा जाता है।











2020 में 30 साल पुरानी बोनसाई भी पहुंची।

### तुलसी फ्लेवर में पाश्ता से टेस्ट भी और हेल्थ भी

फ्लावर कार्निवल में कई तरह स्टॉल लगाई गई। जिसमें फूड प्रोडक्ट्स की जानकारी लेने में भी शहरवासियों ने दिलचस्पी दिखाई। डॉ. सुमन ने बताया कि सभी प्रोडक्ट मल्टीग्रेन के बने हैं जिसमें पाश्ता, लड्डू, सेव, बिस्किट को प्रजेंट किया गया।





CS Scanned with CamScanner

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......अमर उजाला......
दिनांक 16.1.2020 पृष्ठ सं. 1 कॉलम 2-4



# एचएयू में पुष्प प्रदर्शनी

अमर उजाला

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में हरियाणा के कृषि व किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्य एवं कानून मंत्री जयप्रकाश दलाल ने कृषि पर्यटन केंद्र का उद्घाटन किया व दो दिवसीय गोल्डन जुबली फ्लावर कार्निवल - 2020 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह व विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कुलपति ने मुख्य अतिथि को कृषि पर्यटन केंद्र की स्थापना एवं उद्देश्य के बारे में बताया व केंद्र में स्थापित विटामिन गार्डन, औषधीय गार्डन, एक्वेटिक प्लांट गार्डन आदि की जानकारी दी।



एचएयू में पुष्प प्रदर्शनी के दौरान हाथी के रुप में बने पौधे को देखते शहरवासी। - अमर उजाला

Scanned with CamScanner

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: हरि भूमि
दिनांक: 16.1.2020 पृष्ठ सं: 11 कॉलम: 2-8

## जरा देखें कैसे काटा जाता है चारा



हकृवि स्थित फ्लावर शो के उद्घाटन के पहले दिन शोस्थल पर रखी गई चारा मशीन चलाकर देखती युवतियां।

# सीएम मनोहर लाल आज हिसार में

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

■ कई परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास

मुख्यमंत्री मनोहर लाल बृहस्पतिवार को हिसार में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इस दौरान वे कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे तथा कृषि तथा सहायक सेक्टर्स के प्री-बजट कंसल्टेशन कार्यक्रम में विशेषज्ञों तथा बुद्धिजीवियों के साथ मंथन करेंगे।

इस बारे में उपायुक्त डॉ. प्रियंका सोनी ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल बृहस्पतिवार को प्रातः 10 बजे हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। यहां वे अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक हॉस्टल, दीनदयाल उपाध्याय जैविक खेती उत्कृष्टता केंद्र का शुभारंभ करेंगे तथा कृषि व कृषि से संबंधित सहायक क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों व बुद्धिजीवियों के साथ प्री-बजट मंत्रणा कार्यक्रम में भागीदारी करेंगे।



सीएम आगमन से एक दिन पहले हकृवि में कार्यक्रमस्थल का दौरा करती उपायुक्त।

## 3 ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

सीएम आगमन के समय 3 ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी हिसार-प्रथम को हैलीपेड, बरवाला के तहसीलदार को सीएम रूट पर तथा हिसार के तहसीलदार को बेसिक साइंस कालेज सभागार के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाया गया है।

## डीसी ने किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के हिसार में प्रस्तावित कार्यक्रमों के मद्देनजर उपायुक्त डॉ. प्रियंका सोनी ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय का दौरा किया और कार्यक्रमस्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शिवचरण व अनेक अधिकारी भी उनके साथ थे। डॉ. ने कार्यक्रमों के प्रबंधों व तैयारियों के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर हकृवि कुलपति प्रो. केपी सिंह, गुजवि कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार, सीटीएम परमजीत चहल समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........अमर उजाला........
दिनांक 16.1.2020........ पृष्ठ सं. 1........ कॉलम 2-5........


मौसम — 17 जनवरी तक बादल या गरज-चमक व हवाओं के साथ बूंदाबांदी की संभावना

# सामान्य से पांच डिग्री नीचे पहुंचा दिन का तापमान

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। दो दिनों तक हुई हल्की बारिश के बाद से तापमान में गिरावट जारी है। बुधवार को भी दिन व रात के तापमान में गिरावट आई। दिन का तापमान सामान्य से पांच तो रात का तापमान सामान्य से एक डिग्री नीचे पहुंच गया। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि 15 से 17 जनवरी के बीच कहीं-कहीं बादल या गरज-चमक व हवाओं के साथ बूंदाबांदी या हल्की बारिश की संभावना है।

बता दें कि इस माह में अब तक 3.4 एमएम बारिश हो चुकी है। 6 जनवरी को 1.3 एमएम, 7 जनवरी को 0.3 एमएम व 13 जनवरी को 1.8 एमएम बारिश हुई थी। बुधवार सुबह की शुरुआत धुंध से हुई। इस कारण सुबह वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह 11 बजे मौसम साफ हुआ और इसके साथ धूप भी निकल आई, जिससे लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली। मगर दिन ढलने के साथ ही ठंड बढ़ गई। सुबह साढ़े आठ बजे वातावरण में नमी की मात्रा 100 प्रतिशत थी, जो शाम साढ़े पांच बजे घटकर 71 प्रतिशत हो गई। इस दौरान अधिकतम तापमान 14.6 व न्यूनतम तापमान 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले मंगलवार को अधिकतम तापमान 15.2 व न्यूनतम तापमान 3.5, सोमवार को अधिकतम तापमान 18.5 व न्यूनतम तापमान 13.2, रविवार को अधिकतम तापमान 21.5 व न्यूनतम तापमान 6.3 डिग्री सेल्सियस था।



सुबह छाया रहा कोहरा। - अमर उजाला

CS Scanned with CamScanner